प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय,

दिनांक–03.10.2023 (सं0–425)

प्रवर्तन (Enforcement) में न्यूनतम मानव हस्तक्षेप (Human Interface)
माह नवम्बर तक बिहार के सभी जिलों में HHD के माध्यम से प्रवर्तन

यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रवर्तन में न्यूनतम मानव हस्तक्षेप (Human Interface) हो ताकि प्रवर्तन में पारदर्शिता बनी रहे एवं न्यूनतम Discretion रहे– यह हमारी कोशिश रही है। इस सम्बन्ध में निम्नांकित महत्वपूर्ण कार्य किये गए हैं–

I. स्मार्ट सिटी परियोजना अन्तर्गत फिलहाल 02 शहरों में कैमरे एवं इनके Application के माध्यम से प्रवर्तन किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम दृष्टिगोचर हुये हैं।

II. अन्य शहरों में HHD के माध्यम से प्रवर्तन का प्रयास चल रहा है–पहले चरण में 12 जिले जहाँ यातायात बल स्वीकृत था वहाँ 810 HHD का वितरण कर 100% आच्छादित किया गया एवं Manual Challan को पूर्णतः बंद कर दिया गया। दूसरे चरण में 10 अन्य जिलों में 552 HHD का वितरण कर 100% आच्छादित कर Manual Challan को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है।

III. अगले चरण में नवम्बर 30 तक शेष बचे 18 जिलों (सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, शेखपुरा, जमुई, लखीसराय, बांका, अररिया, किशनगंज, कैमूर, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, खगड़िया एवं बगहाँ) में भी HHD का वितरण कर इन्हें 100% आच्छादित कर दिया जाएगा।

IV. HHD के माध्यम से e-Challan निर्गत किये जाने के कई लाभ प्रत्यक्ष हैं–

- फोटोग्राफिक / वीडियोग्राफिक प्रमाण।
- Online/Credit-Debit Card/UPI/नकद भुगतान के Multiple Option।
- इन सबके उपलब्ध नहीं होने पर Deferred Payment की सुविधा।
- Fine का अधिकांश भुगतान सीधे बैंक Account में होता है।
- उल्लंघनकर्ता आमजनो का न्यूनतम Harassment।

V. HHD के माध्यम से e-Challan निर्गत करने का विस्तृत प्रोटोकॉल बनाया गया है। विशेषकर चालान निर्गत करने वाले पदाधिकारी को Body-worn camera पहनना अनिवार्य कर दिया जाएगा, इसके लिए पर्याप्त BWC के क्रय हेतु प्रस्ताव भेज दिया गया है।

VI. यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रवर्तन में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों को भी HHD से टैग करने की प्रक्रिया चल रही है जिससे इनके उपयोग संबंधी Real time Data कार्यालय के Dash Board पर उपलब्ध होगा एवं इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग हो पाएगी। उपकरण यथा (Interceptor/Static speed radar gun/Crane or tow-away vehicle)

VII. माह अप्रैल से सितम्बर तक HHD के माध्यम से प्रवर्तन की उपलब्धिः—

S. N.	MONTH	DATE	TOTAL CHALLAN	RECEIVED AMOUNT	PENDING AMOUNT	TOTAL AMOUNT
1	APRIL	14.04.2023 TO 30.04.2023	12281	5954500	16147500	22102000
2	MAY	01.05.2023 TO 31.05.2023	26426	13306000	27850500	41156500
3	JUNE	01.06.2023 TO 30.06.2023	24117	11823000	26718000	38541000
4	JULY	01.07.2023 TO 31.07.2023	78727	19652600	76149400	95802000
5	AUGUST	01.08.2023 TO 31.08.2023	52785	21051500	51304300	72355800
6	SEPTEMBER	01.09.2023 TO 30.09.2023	60102	19449600	66464703	85914303
TOTAL			**254438**	**91237200**	**264634403**	**355871603**

XXXXXX